KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

इतिहास

Chapter - 4

विचारक, विश्वास और इमारतें

REVISION WITH QUESTIONS - 2

Pritesh Joshi

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न



Q13. स्तूप से आप क्या समझते हैं? ईसा पूर्व दूसरी सदी तक किन तीन स्थानों पर स्तूप बनाए जा चुके थे ?

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : बुद्ध के अस्थि अवशेषों या उनके द्वारा प्रयुक्त सामानों को किसी स्थान विशेष पर रखकर उन पर जिस अर्ध- वृत्ताकार इमारत का निर्माण किया गया, उन्हें ही स्तूप कहते है।

- स्तूप का शाब्दिक अर्थ है -ढेर/थूहा/टीला
- ईसा पूर्व दूसरी सदी तक भरहुत, साँची और सारनाथ जैसी जगहों पर स्तूप बनाए जा चुके थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q14. बौद्ध दर्शन की दो प्रमुख मान्यताओं का उल्लेख कीजिए ? / महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं का उल्लेख कीजिए ? / बौद्ध दर्शन के प्रमुख सिद्धांतों में से विश्व अनित्य हैं और मध्यम मार्ग को समझाइए ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर

(i) **विश्व अनित्यः-** बौद्ध दर्शन के अनुसार विश्व अनित्य है और लगातार बदल रहा है, यह आत्मा विहीन है क्योंकि यहाँ कुछ भी स्थायी या शाश्वत नही है। इस क्षणभंगुर दुनिया में दुःख मनुष्य के जीवन का अंतर्निहित तत्व है।

(ii) **मध्यम मार्गः-** बुद्ध के अनुसार घोर तपस्या और विषयासक्ति के बीच मध्यम मार्ग अपनाकर मनुष्य दुनिया के दुःखों से मुक्ति पा सकता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

(iii) अनीश्वरवादः- बुद्ध ने ईश्वर को सृष्टिकर्ता के रूप में स्वीकार नहीं किया। उनका मानना है कि प्रत्येक वस्तु विशिष्ट परिस्थिति तथा कारण से उत्पन्न होती हैं। समाज का निर्माण इन्सानों ने किया था।

(iv) निर्वाणः- निर्वाण प्राप्ति, निर्वाण का शाब्दिक अर्थ है- दीपक का बुझ जाना, समूल नष्ट हो जाना अर्थात् जीवन-मरण के चक्र से मुक्त हो जाना, अहं और इच्छा का खत्म हो जाना।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q15. बौद्ध धर्म के प्रवर्तक कौन थे, उनके जीवन और उनसे जुड़े स्थानों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ? अथवा बौद्ध धर्म में लुम्बिनी, बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर नामक स्थानों का क्या ऐतिहासिक महत्व है ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : बौद्ध धर्म के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध थे। महात्मा बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था। बुद्ध के पिता शुद्धोधन कपिलवस्तु के शाक्य गणराज्य के प्रधान थे। लुम्बिनी बुद्ध का जन्म स्थान, बोधगया जहाँ बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया, सारनाथ जहाँ बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद प्रथम उपदेश दिया, कुशीनगर जहाँ बुद्ध ने निब्बान / मृत्यु प्राप्त किया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q16. स्तूप क्यों या कहाँ बनाए जाते थे ? स्पष्ट कीजिए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

84,000

उत्तर : बुद्ध के जीवन से जुड़ी जगहों एवं बौद्ध धर्म में कुछ अन्य स्थानों को पवित्र माना गया। इन पवित्र स्थानों पर स्तूपों का निर्माण किया गया। सुत्त पिटक के हिस्से महापरिनिब्बान सुत्त से पता चलता है कि महात्मा बुद्ध के सबसे प्रिय शिष्य आनंद ने बार-बार आग्रह करके बुद्ध से उनके अवशेषों को संजोकर रखने की अनुमति ले ली थी। अशोकावदान नामक एक बौद्ध ग्रंथ के अनुसार असोक ने बुद्ध के अवशेषों के हिस्से हर महत्वपूर्ण शहर में बाँटकर उनके ऊपर स्तूप बनाने का आदेश दिया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q17. स्तूप की संरचना को समझाइए ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : स्तूप का प्रारम्भिक स्वरूप अर्द्ध गोलाकार मिलता है। इसमें एक चबूतरे (मेधि) के ऊपर उल्टे कटोरे की आकृति का एक टीला बनाया जाता है, जिसे अण्ड कहते है। अण्ड स्थापत्य कला की दृष्टि से स्तूप का सबसे विशिष्ट तथा प्रधान भाग है। अण्ड की चोटी सिरे पर चपटी होती है, जिसके ऊपर धातु पात्र रखा जाता था। इसे हर्मिका कहते है। हर्मिका के बीच में एक यष्टि लगाई जाती थी। यष्टि के ऊपरी सिरे पर तीन छत्र लगाये जाते थे। स्तूप के चारों तरफ की दीवार को वेदिका कहा जाता है। कालांतर में वेदिका के चारों दिशाओं में प्रवेशद्वार भी बनाये गये तथा उन पर मेहराबदार तोरण लगाये गये।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q18. स्तूप कैसे बनाए गए थे ? चर्चा कीजिए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : स्तूपों की वेदिकाओं और स्तंभों पर मिले अभिलेखों में स्तूप बनाने और सजाने के लिए दिए गए दान का पता चलता हैं। इन स्तूपों को बनाने में राजाओं (जैसे सातवाहन शासक), शिल्पकारों, व्यापारियों, श्रेणियों, भिक्षुओं और भिक्षुणियों ने दान दिया। इनके दान और सहयोग से ही स्तूप बनाए गए थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q19. थेरी से आप क्या समझते हैं ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : बौद्ध धर्म में ऐसी महिलाएं जिन्होंने निर्वाण प्राप्त कर लिया हो, थेरी कहलाती है।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q20. किस मत / दर्शन में बोधिसत्त की अवधारणा उभरी ? बोधिसत्त की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए ? / बोधिसत्त कौन थे ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

(i) महायान बौद्ध मत में बोधिसत्त की अवधारणा उभरी।

(ii) बोधिसत्तों को परम करुणामय जीव माना गया जो अपने सत्कर्मों से पुण्य कमाते थे। इस पुण्य का प्रयोग दुनिया को दुखों से मुक्ति दिलाने एवं दूसरों की सहायता के लिए करते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q21. वैष्णव और शैव परम्परा में अंतर बताइए ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : वैष्णव परंपरा में विष्णु को सबसे महत्वपूर्ण देवता माना जाता है जबकि शैव परम्परा में शिव को सबसे महत्वपूर्ण देवता माना जाता है।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q22. मंदिर स्थापत्य में गर्भगृह और शिखर से आप क्या समझते हैं ?



उत्तर

नागर

दक्षिण → द्रविड़

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

(i) गर्भगृह:- मंदिर के जिस कमरे में देवता की मूर्ति स्थापित होती थी उसे गर्भगृह कहा जाता था।

(ii) शिखर:- मंदिर के गर्भगृह के ऊपर एक ऊँचा ढाँचा बनाया जाता था उसे शिखर कहा जाता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q23. साँची क्यों बच गया, जबकि अमरावती नष्ट क्यों हो गया, बताइए ?

दुर्लभ



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : अमरावती की खोज 1797 ई. में हुई, जबकि साँची की खोज 1818 ई. में हुई। अमरावती की खोज के समय विद्वान इस बात के महत्त्व को नहीं समझ पाए थे कि किसी पुरातात्विक अवशेष को उठाकर ले जाने की बजाय खोज की जगह पर ही संरक्षित करना कितना महत्वपूर्ण था। भोपाल की बेगमों ने साँची के रख-रखाव के लिए धन का अनुदान दिया, जबकि अमरावती के लिए ऐसी व्यवस्था नहीं हो पायी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q24. फ्रांसीसी साँची के पूर्वी तोरणद्वार को फ्रांस क्यों ले जाना चाहते थे और इसे फ्रांस ले जाने की अनुमति किससे माँगी ?/ फ्रांसीसी साँची स्तूप के पूर्वी तोरणद्वार को फ्रांस ले जाने के लिए क्यों बहुत उत्सुक थे?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : फ्रांसीसियों ने सबसे अच्छी हालत में बचे साँची के पूर्वी तोरणद्वार को फ्रांस के संग्रहालय में प्रदर्शित करने के लिए उसे फ्रांस ले जाना चाहते थे। फ्रांसीसियों ने साँची के पूर्वी तोरणद्वार को फ्रांस ले जाने की इजाजत शाहजहां बेगम से मांगी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q25. साँची के स्तूप को किसने संरक्षण प्रदान किया ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : साँची के स्तूप को भोपाल के शासकों ने संरक्षण प्रदान किया जिनमें शाहजहाँ बेगम एवं सुल्तानजहाँ बेगम आदि प्रमुख थीं।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q26. ईसा की प्रथम सदी के बाद बौद्ध अवधारणाओं और व्यवहार में कौनसे बदलाव नजर आते हैं ? / महायान बौद्ध मत के विकास के कारण बौद्ध अवधारणाओं और व्यवहार में कौनसे बदलाव नजर आते हैं ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

(i) महायान बौद्ध मत में एक मुक्तिदाता की कल्पना की गई, जो मुक्ति दिलवा सकें।

(ii) इसमें बुद्ध को महापुरुष न मानकर एक देवता माना गया। बुद्ध और बोधिसत्तों की मूर्तियों की पूजा महायान का एक महत्वपूर्ण अंग बन गई।

(iii) इसमें बोधिसत्त की अवधारणा उभरने लगी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q27. वाल्टर एलियट कौन था?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : वाल्टर एलियट गुंटूर (आंध्र प्रदेश) के कमिश्नर थे जिन्होंने 1854 में अमरावती की यात्रा की तथा यह निष्कर्ष निकाला कि अमरावती का स्तूप बौद्धों का सबसे विशाल व शानदार स्तूप था।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q28. उपनिषद् क्या थे? इनसे हमें क्या पता चलता है?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : उपनिषद् जीवन, मृत्यु एवं परब्रह्म से सम्बन्धित गहन विचारों वाले ग्रन्थ थे। इनसे हमें पता चलता है कि लोग जीवन का अर्थ, मृत्यु के पश्चात् जीवन की सम्भावना एवं पुनर्जन्म के बारे में जानने को उत्सुक थे। वे यह भी पता लगाना चाहते थे कि अतीत के कर्मों का पुनर्जन्म के साथ क्या सम्बन्ध है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q29. क्या आप बता सकते हैं कि भिक्षुओं और भिक्षुणियों के लिए नियम क्यों बनाए गए?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : महात्मा बुद्ध ने अपने शिष्यों के लिए संघ की स्थापना की। संघ ऐसे भिक्षुओं की संस्था थी जो धम्म के शिक्षक बन गये थे। बाद में भिक्षुणियों को भी सम्मिलित होने की अनुमति दे दी गयी। इस कारण धीरे-धीरे संघ में भिक्षुओं और भिक्षुणियों की संख्या में वृद्धि होने लगी। फलस्वरुप संघ में अनुशासन व व्यवस्था बनाए रखने के लिए भिक्षुओं और भिक्षुणियों के लिए नियम बनाए गए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q30. थेरीगाथा के बारे में आप क्या जानते हैं?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : थेरी गाथा बौद्ध ग्रन्थ सुत्त पिटक का एक भाग है जिसके अन्तर्गत भिक्षुणियों द्वारा रचित छन्दों का संकलन किया गया है। इससे उस समय की महिलाओं के सामाजिक एवं आध्यात्मिक जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त होती है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q31. पुरातत्ववेत्ता एच. एच. कोल प्राचीन कलाकृतियों के बारे में क्या सोच रखते थे ?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न



उत्तर : पुरातत्ववेत्ता एच. एच. कोल प्राचीन कलाकृतियों को उठा ले जाने के विरुद्ध थे। वे इस लूट को आत्मघाती मानते थे। उनका मानना था कि संग्रहालयों में मूर्तियों की प्लास्टर कलाकृतियाँ रखी जानी चाहिए जबकि असली कृतियाँ खोज के स्थान पर ही रखी जानी चाहिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q32. 600 ई. पू. से 600 ई. तक के विचारों एवं विश्वासों की दुनिया के पुनर्निर्माण के लिए इतिहासकार किन-किन स्त्रोतों का प्रयोग करते हैं?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

(i) साहित्यिक ग्रन्थ-बौद्ध, जैन तथा ब्राह्मण ग्रन्थ

(ii) भौतिक साक्ष्य-इमारतें व अभिलेख ।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q33. प्रारंभिक मूर्तिकारों ने बुद्ध को मानव रूप में न दिखाकर उनकी उपस्थिति प्रतीकों के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया, उन प्रतीकों के बारे में बताइए ? / बौद्ध धर्म में उपासना के प्रतीकों के बारे में बताइए ? / बुद्ध की उपस्थिति प्रतीकों के माध्यम से किस प्रकार दर्शाने का प्रयास किया गया है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : कई प्रारंभिक मूर्तिकारों ने बुद्ध को मानव रुप में न दिखाकर उनकी उपस्थिति प्रतीकों के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया।

उदाहरण:-

(i) **बोधि वृक्षः-** बुद्ध की ध्यान की दशा का प्रतीक बन गया।

(ii) **स्तूपः-** बुद्ध के महापरिनिब्बान का प्रतीक बन गया।

(iii) **धर्मचक्रः-** बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश का प्रतीक था।